कोटद्वार, शनिवार
24 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 291 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# गुलदार के हमलों पर सीएम धामी गंभीर

**● गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में चौबीसों घंटे अलर्ट मोड में रहे विभाग ● वन्य जीवों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए लगाएं तार बाड़**

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर गम्भीर चिंता प्रकट की है। उन्होंने गुलदार और बाघों के हमले की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए वन सचिव एवं वन्यजीव प्रतिपालक को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में विभाग को चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर रखा जाए और प्रशिक्षित वनकर्मियों की क्विक रिस्पांस टीम गठित कर उसे तत्काल मौके पर भेजा जाए। जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए गांव और जंगल की सीमा पर सोलर फेंसिंग (तार बाड़) लगाई जाए।

सीएम श्री धामी ने कहा कि लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में वन्य जीवों के हमलों को रोकने में वन विभाग बेबस हो रहा है। इसे दृष्टिगत रखते हुए इन घटनाओं को रोकने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाए। प्रशिक्षित पशु चिकित्सक मानव वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से इलाक़ों में चौबीस घंटे तैनात रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर गुलदार और बाघों से भरे पड़े हैं। अब वहां अन्य पकड़े गए वन्य जीवों को रखने की जगह नहीं है, लिहाजा इसके लिए भी तुरंत कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव संघर्ष की घटना की स्थिति में स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की है। इस मामले में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिम्मेदार अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जंगलों से सटे गांवों में शत प्रतिशत शौचालय और गैस कनेक्शन दिए जाने की योजना बनाई जाए ताकि लोग जंगलों का रुख न करें।

यहां बता दें कि सीएम श्री धामी ने बीते माह आला अफसरों की आपात बैठक लेकर वन्य जीव प्रतिपालक को निर्देश दिए थे कि राज्य के रेस्क्यू सेंटर के गुलदार और बाघों को दूसरे राज्यों के चिड़ियाघर/ वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट करने के लिए वहां के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि यह समस्या हल हो सके। इस दिशा में अभी तक कोई अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर मुख्यमंत्री ने आज शुक्रवार को पुनः इस सम्बंध में तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## आतंक का पर्याय बना गुलदार हुआ ढेर



श्रीनगर गढ़वाल । टिहरी जिले के ग्रामीणों को आदमखोर गुलदार के आतंक से निजात मिल गई है। इसके लिए वन विभाग के शूटरों को आठ घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। इससे पहले गुलदार ने कई लोगों पर हमला भी बोला। आत्मरक्षा में चलाई गई चौथी गोली में गुलदार का अंत हो पाया। बता दें कि गुलदार ने दो दिनों के भीतर करीब 9 लोगों पर हमला किया, जिमसें से चार वनकर्मी शामिल हैं। कल 22 फरवरी को गुलदार ने इलाके में पांच महिलाओं पर हमला किया था। पांचों महिलाओं का श्रीकोट के बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। गुलदार के इन हमलों के बाद से ही पूरे इलाके में लोग दहशत में थे। इन हमलों के बाद से वन विभाग की टीम गुलदार को पकड़ने में लगी हुई थी। शुक्रवार की सुबह गुलदार देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी के आवास के चंद कदमों की दूरी पर होटल में कमरे में घुस गया था। होटल मालिक ने समझदारी दिखाते हुए कमरे का दरवाजा बंद किया और विधायक व वन विभाग को तत्काल गुलदार की सूचना दी, लेकिन वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने से पहले से ही गुलदार कमरे की खिड़की से खेत में भाग गया, जहां गुलदार ने एसडीओ अनिल पैन्यूली, वनकर्मी महावीर, गुड्डू और तेज सिंह पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले से घायल हुए चारों लोगों को बेस हॉस्पिटल श्रीकोट में भर्ती करवाया गया। इधर इस घटना के बाद गुलदार को मारने के लिए वन विभाग के शूटरों को भी बुलवा लिया गया, करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शूटरों ने गुलदार को ढेर किया। वन विभाग टिहरी डीएफओ अमित कंवर ने बताया कि वनकर्मियों की गोली से गुलदार मारा गया है। इसको मारने के लिए चार गोली चलाई गई। चौथी गोली गुलदार को लगी, जिसमें वो ढेर हो गया। इधर गुलदार को ढेर करने वाली टीम को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने 15000 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है.

## राज्यों को विशेष योजनाएं लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि ह्यबेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए न्यायालय ने यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी



वाराणसी , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। यूपी के नौजवानों का अपमान कोई नहीं भूलेगा। परिवारवादी लोग युवा टैलेंट से डरते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल, यूपीसीडा एग्रो पार्क, करखियांव में 13,100 करोड़ से अधिक की 35 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान वह विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जो खुद होश में नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। ये अपने परिवार के बाहर नहीं देख सकते। पहले की सरकार और हमारी सरकार में यही अंतर है कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का कार्य करते हैं। पहले की सरकारें हर जरूरत की चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहती थी। इससे देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बनास डेरी प्लांट किसानों–पशुपालकों को बेहतर पशुओं की नस्ल और बेहतर चारे को लेकर भी जागरूक करेगा, प्रशिक्षित करेगा। पशुपालन तो एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें सबसे अधिक हमारी बहनें जुड़ी हैं। ये बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा माध्यम है।

## एक नजर

### बंद फ्लैट में लगी आग से घरेलू सामान स्वाहा

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में हाईवे पर अपार्टमेंट के बंद फ्लैट में आग लग गई। आग लगने से उठे धुंआ फैलने से बगल के फ्लैट में बुजुर्ग सहित तीन लोग फंस गए। उन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात कही जा रही है। मायापुर फायर सर्विस स्टेशन को गुरुवार देररात सूचना मिली कि हरिद्वार–दिल्ली हाईवे पर गंगोत्री अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आग लग गई है। सूचना मिलने पर दमकल वाहन घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। इधर, बंद फ्लैट में लगी आग का धुंआ बगल के फ्लैट में फैल गया। धुंआ फैलने से फ्लैट में रह रहे बुजुर्ग पूरन चंद, यशपाल खरबंदा और उनकी पत्नी राज खरबंदा अंदर फंस गई।

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का मुंबई में निधन

मुंबई ,लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जी. जोशी का शुक्रवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके रिश्तेदारों के एक संक्षिप्त बयान में कहा गया है, हमारे परिवार को आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मनोहर जोशी का आज सुबह तीन बजे लंबे समय तक उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के बाद निधन हो गया।शिव सेना के वरिष्ठ नेता का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके माटुंगा स्थित आवास पर रखा जाएगा। परिवार ने कहा, जोशी का अंतिम संस्कार दोपहर करीब तीन बजे शिवाजी पार्क श्मशान में किया जाएगा।

### स्मैक तस्करी के 2 आरोपियों को दो–दो माह का कठोर कारावास

अल्मोड़ा। स्मैक के एक मामले में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) श्रीकान्त पाण्डेय ने अभियुक्त पवन जोशी एवं अभियुक्त जगदीश चन्द्र लोहनी को धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तगणों को 2–2 माह का कठोर कारावास व दो हजार पांच सौ रुपए प्रत्येक को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियोजन कहानी के अनुसार दिनांक 12–05–2021 को राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड कर्फ्यू का पालन करने पुलिस टीम ताकुला में सारकोट स्कूल के पास वाहनों की चैकिंग करने लगे तभी बसौली से ताकुला की तरफ आ रही कार संख्या यूके–04–यू3905 को चैक किया तो डैशबोर्ड में पन्नी में 8.39 ग्राम स्मैक व एक थैली में इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद हुआ। कार में सवार दोनों अभियुक्तगणों से स्मैक के बारे में पूछने पर उनके द्वारा स्मैक को संयुक्त रूप से अल्मोड़ा से लाना बताया। पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर स्मैक शील सर्व मोहर कर अभियुक्तगण को गिरफतार कर जेल भेजा गया तथा विवेचनाधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से छः गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, पूरन सिंह कैड़ा द्वारा मामले में दलीलें व नजीरें पेश कर प्रभावी पैरवी की गई।

# जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम मोदी ने कर दिखाया : योगी




वाराणसी , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दस वर्ष के अंदर हजारों करोड़ की विकास परियोजना देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी को नए कलेवर के रूप में वैश्विक मानचित्र पर प्रस्तुत किया है। आज एक बार फिर हजारों करोड़ों की इन योजनाओं को लेकर पीएम मोदी का आगमन हुआ है। साढ़े छह सौ करोड़ की लागत से बनास डेयरी बनी है। लगता है कि यह किसानों और पशुपालकों के लिए आधुनिक तीर्थ जैसी है। यह डेयरी आमदनी को बढ़ाने के साथ ही भारत की श्रद्धा को सम्मानित और संरक्षित करने का नया केंद्र बनी हुई है। उन्होंने बनास काशी संकुल, यूपीसीडा एग्रो पार्क, करखियांव में शुक्रवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13,100 करोड़ से अधिक की 35 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर पीएम का स्वागत किया। उप्र में रुचि लेने पर बनास डेयरी के चेयरमैन को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि उप्र की उर्वरा भूमि को गो माता का आशीर्वाद देकर पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हमारे पशुपालकों की समृद्धि के लिए कार्य प्रारंभ किया गया। इस बहाने गोमाता की रक्षा भी होगी और हमें पुण्य, आशीर्वाद भी प्राप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा काशी में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास होने जा रहा है।

जीवन के अलग–अलग क्षेत्रों से जुड़े तकरीबन 13 हजार करोड़ से अधिक की नई योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। 10 वर्ष में काशी को प्रधानमंत्री मोदी ने 45 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी है, जो कभी नहीं हुआ, वह मोदी जी ने कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदी के बाद अयोध्या में रामलला के इंतजार को समाप्त करते हुए उनकी दिव्य मूर्ति को भव्य मंदिर में विराजमान कराने के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी का काशी आगमन हुआ है। पीढ़ियां बीत गईं, युग समाप्त हो गए, लेकिन इंतजार का क्रम तब टूटा, जब मोदी जी की दूरदर्शिता, मार्गदर्शन और नेतृत्व भारत प्राप्त कर रहा है।

## राहुल गांधी को झटका, मानहानि मामले में कोर्ट ने खारिज की याचिका

रांची ,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मानहानि मामले में उनकी याचिका खारिज कर दी है। ये केस गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से जुड़ा है। राहुल गांधी निचली अदालत की ओर से जारी किए गए समन के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे थे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए उसे खारिज कर दिया। राहुल ने हाईकोर्ट से आपराधिक मानहानि के मुकदमे में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मामले को रद्द करने की मांग की थी, जिसे अदालत ठुकरा दिया। आरोप है कि राहुल गांधी ने कथित तौर पर अमित शाह को ह्यहत्या का आरोपीह्न कह डाला था। तब शाह भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 16 फरवरी को राहुल गांधी का लिखित पक्ष अदालक में पेश किया गया था, जिसके बाद जस्टिस अंबुज नाथ की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# आगामी चार धाम यात्रा को केजुअल्टी फ्री यात्रा बनाने के दिये निर्देश



देहरादून, प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा को श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों के लिए सहज, सुगम, सुखद तथा सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यात्रा मार्ग पर जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह तैयार करने हेतु सभी विभागों को दो महीने की डेडलाइन दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आम यात्रियों की सुविधाओं के लिए यात्रा रजिस्ट्रेशन को अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने वीआईपी दर्शन के कारण जनसामान्य को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सुव्यवस्थित प्रबन्धन करने के निर्देश दिए हैं। यात्रा मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं एवं रोड सेफटी के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को रोड सेफ्टी से सम्बन्धित सभी पहलुओं विशेषकर क्रेश बैरियर लगवाने के प्रस्ताव शीघ्र शासन स्तर पर भेजने, पुलिस एवं परिवहन की संयुक्त टीमों द्वारा गत वषी में यात्रा सीजन के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं का डेथ ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगामी चार धाम यात्रा को केजुअल्टी फ्री यात्रा बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को 15 अप्रैल तक सड़कों के मरम्मत, पैच्स आदि का कार्य पूर्ण करने की डेडलाइन दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष रोड सेफटी आदि कायी के लिए 600 करोड़ रूपये अनुमोदित है। मुख्य सचिव ने यात्रा मागी पर ड्राइवरों की सुविधा के लिए रेस्ट रूप एवं सस्ते भोजन की व्यवस्था करने तथा इन रेस्ट रूम्स का संचालन स्थानीय युवाओं को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

हैली सर्विसेज के रजिस्ट्रेशन के ऑनलाइन फर्जीवाड़े की घटनाओं को पूरी तरह से रोकने तथा साइबर क्रिमिनलस् पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ह्यहेली सेवाओं की बुकिंग केवल आईआरसीटीसी के माध्यम से हीह्नह्न का संदेश यात्रा रजिस्ट्रेशन के समय तथा विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने हैली सेवाओं के फर्जीवाड़े के मामलों की गम्भीरता से जांच के लिए एसटीएफ को पूर्णतः सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएम ने उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत एनएसई की गौरव योजना का शुभारंभ किया

## छात्रों और युवाओं के कौशल विकास के लिए है गौरव योजना



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास सभागार में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत छात्रों एवं युवाओं के कौशल विकास हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की गौरव योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना एवं शोध अनुदान वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे राज्य के युवाओं के कौशल संवर्द्धन और उनको प्लेसमेंट देने के लिये उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ गौरव योजना के लिये एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से उच्च शिक्षा में शोध को एक नई दिशा मिलेगी। उच्च शिक्षण संस्थाओं का गुणात्मक विकास होगा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में बताया गया कि उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना एवं शोध अनुदान वितरण के अन्तर्गत प्राप्त हुये 500 शोध प्रस्तावों में से चयनित 44 शोध प्रस्तावों के लिये लगभग तीन करोड़ छियासठ लाख रूपये की शोध अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। इसकी प्रथम किश्त के रूप में लगभग एक करोड़ तिरासी लाख रूपये की अनुदान धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड छोटा राज्य होने के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में नित नए मापदण्ड स्थापित कर रहा है। कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के उच्च शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा निरन्तर अभिनव प्रयास किए गए हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में राज्य की महत्वाकांक्षी योजना ह्लमुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजनाह्व की शुरुआत की गई है। उत्तराखण्ड छोटा राज्य होने के बाद भी देश का ऐसा राज्य है, जो शोध को बढ़ावा देने हेतु इस प्रकार का शोध अनुदान शिक्षकों और शोधार्थियों को प्रदान कर रहा है।

## चलती बस में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से बची 44 यात्रियों की जान

नई दिल्ली ,केरल के अलाप्पुझा जिले में शुक्रवार की सुबह केरल राज्य सडक़ परिवहन निगम की एक बस में आग लग गई। कोई बड़ी घटना होती उससे पहले ही बस चालक ने सतर्कता दिखाते हुए सभी यात्री को नीचे उतार दिया। बस में 44 यात्री सवार थे, जिनमें से 20 छात्र थे जो सही सलामत हैं। पुलिस ने बताया कि जब यह हादसा हुआ, तब बस कायमकुलम और अलाप्पुझा के बीच में थी। उन्होंने बताया कि चालक को जलने की गंध आई और उसने तुरंत यात्रियों को बस से उतरने के लिए कहा। ड्राइवर के इस कदम से सभी यात्री बाल–बाल बच गए। कायमकुलम पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, अग्निशमन बल ने आग बुझा दी। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। बाद में वाहन चालक ने मीडिया को बताया कि उसे इंजन की आवाज में बदलाव लगा, इसलिए उसने वाहन को सडक़ के किनारे खड़ा कर दिया।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 13 मार्च के बाद होना संभव

**● राज्यों के दौरे कर रही चुनाव आयोग की टीम**




नई दिल्ली ,सबको लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का इंतजार है। यह इंतजार कभी भी खत्म हो सकती है लेकिन संभावना है कि मार्च में ही तारीखों की घोषणा होगी। सूत्रों पर आधारित मीडिया रिपोर्टस में बताया गया है कि चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों को ऐलान कर सकता है और ये चुनाव 7 से 8 चरणों में हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है और एक बार यह पूरा होने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी। केंद्रीय चुनाव निकाय के अधिकारी अभी तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं, जिसके बाद उत्तर प्रदेश और जम्मू–कश्मीर का दौरा किया जाएगा। राज्य का दौरा 13 मार्च से पहले पूरा होने वाला है। 2019 में आम चुनाव सात चरणों में मतदान हुआ था। 2019 में लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को हुई थी। श्चष्ट्ठ ने 11 अप्रैल 2019 से 19 मई 2019 के बीच सात चरणों में आम चुनाव कराए थे। 23 मई को चुनाव के नतीजे आए थे। बीजेपी ने आम चुनाव में 303 सीटें जीतीं थीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी. बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीती थीं।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पुरूषोतम ने मतदाता जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरूषोतम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत टिहरी लोकसभा क्षेत्रान्तर्गत निर्वाचन तैयारियों को लेकर ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक लेते हुए निर्वाचन हेतु की गई तैयारियों को परखा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप के तहत् जनपद देहरादून में मतदाता जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जनपद के कम मतदान प्रतिशत् वाले बूथ पर जागरूकता लाते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि वोटर लिस्ट अपडेशन कार्यों की आरओ, एआरओ अपने स्तर पर मॉनिटरिंग करें, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। रिटर्निंग अधिकारी निर्विवादित, निष्पक्ष एंव शांतिपूर्वक निर्वाचन हेतु प्रत्येक गतिविधि की अपने स्तर से मॉनिटिरिंग करें। निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचन हेतु बनाए गए कन्ट्रोलरूम में सक्रिय कार्मिकों को बिठाया जाए जो त्वरित प्रक्रिया दें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने टिहरी लोकसभा क्षेत्रान्तर्गत आरओ देहरादून, आरओ टिहरी एवं आरओ उत्तरकाशी को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत कम वोट प्रतिशत् वाले बूथों पर बीएलओ के माध्यम से डोर–टू–डोर कैम्पेन चलायें तथा जनपद वोटर जागरूकता हेतु बनाए गए ब्रांड एम्बेस्डरों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करें। उन्होंने इस कार्य में क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य, बजुर्ग एवं स्याणों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने कहा।

निर्वाचन में लगे कार्मिकों को आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत् मतदान करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कोई भी कार्मिक मतदान से वंचित न रहे, इसके लिए निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार व्यवस्थाएं बनाई जाएं। ऐसे छात्र/छात्राएं जो पढाई के लिए जनपद में




आए हैं तथा उनका वोट अन्य जिले में है उनको मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए विद्यालय/संस्थान प्रशासन का सहयोग लिया जाए। विद्यालयों एवं संस्थानों में मतदाता शपथ दिलवाई जाए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान बूथ पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अुनसार मूलभूत सुविधा पेयजल, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, मैदानी क्षेत्रों में व्हीलचैयर तथा पहाड़ी क्षेत्र में डोली, कण्डी आदि की व्यवस्था रहे। 80 प्लस तथा पीडब्लूडी वोटर्स के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था रहे। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कलैण्डर के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरओ, एआरओ हैण्डबुक का अध्ययन करते हुए निर्वाचन के दौरान की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं एवं अपने दायित्वों को भलीभांति समझते हुए दायित्वों का निर्वहन करें।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन को प्रभावित करने वाली गतिविधियों की सूचनाओं पर बारीकी से नजर रखते हुए स्थैटिक टीम, फ्लाईंग स्कॉट टीमों को सक्रिय रखने, शराब बांटने, नकदी बांटने आदि सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग को समन्वय से कार्य करते हुए शराब आदि मादक पदार्थों के अवैध बिक्री/परिवहन पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को शराब की दुकानों के बिक्री रजिस्टर, स्टॉक आदि का मिलान करने तथा यदि किसी दुकान क्षेत्र में शराब की दुकान पर बिक्री बढी है तो वह भी जांच करा ली जाए। उन्होंने जनपद में लाईसेंसी शस्त्रों की संख्या आदि के सम्बन्ध में असला बाबू की सूची से मिलान करवाते हुए असला जमा करवाने की कार्यवाही करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदांडे, नमामि बंसल, सयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी टिहरी गढवाल मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी उत्तरकाशी मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देहरादून सुश्री झरना कमठान, पुलिस अधीक्षक यातायात देहरादून सर्वेश पंवार, मुख्य कोषाधिकारी नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय रोमिल चोधरी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून पीसी त्रिपाठी सहित जनपद के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### राहुल वायनाड से ही लड़ेंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। वामपंथी पार्टियों की अपील कांग्रेस ने ठुकरा दी है। गौरतलब है कि वामपंथी पार्टियों के साथ कांग्रेस का और विपक्षी गठबंधन का कई राज्यों में तालमेल होना है। लेकिन केरल में सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अलग अलग लडऩा है। तभी एलडीएफ के नेता चाहते थे कि राहुल गांधी केरल से न लड़ें। राहुल के केरल से लडऩे का फायदा यह हुआ था कि पिछले चुनाव में यूडीएफ ने 20 में से 19 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसमें कांग्रेस को अकेले 15 सीटें मिली थीं। राहुल गांधी वायनाड सीट से बड़े अंतर से जीते थे। हालांकि वे अमेठी सीट पर चुनाव हार गए थे। इस बार भी एलडीएफ को लग रहा है कि राहुल के लडऩे का फायदा कांग्रेस को होगा। ध्यान रहे 2019 के लोकसभा चुनाव के दो साल बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में एलडीएफ की जीत हुई थी। इसलिए भी एलडीएफ को लग रहा है कि लोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन कर सकते हैं। अगर राहुल नहीं लड़ते तो लेफ्ट को कुछ फायदा हो सकता था। बताया जा रहा है कि एलडीएफ के अंदर हुए सीट बंटवारे के तहत सीपीआई को चार सीटें मिली हैं, जिसमें वायनाड की सीट भी है। पिछली बार सीपीआई के पीपी सुनीर इस सीट से लड़े थे। इस बार कहा जा रहा है कि सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा इस सीट से लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि डी राजा भी चाहते थे कि राहुल इस सीट से नहीं लड़ें। लेकिन राहुल भले उत्तर भारत की भी किसी सीट से लड़ें लेकिन वायनाड जरूर लड़ेंगे क्योंकि उसका असर दक्षिण के दूसरे राज्यों पर भी होगा।

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

**अजीत द्विवेदी**



भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।

इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है।

सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर ह्यइंडियाह्न ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में। कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।

दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो–तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि–आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और राहुल गांधी को पीड़ित मानने लगेंगे? ध्यान रहे 10 साल पहले पीड़ित पक्ष मोदी थे और अत्याचारी कांग्रेस थी, जिसने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी को कई तरह से परेशान किया था। लेकिन अब खेल पलट गया है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को कमजोर करने की धुन में भाजपा के शीर्ष नेताओं का सेंस ऑफ बैलेंस कमजोर हो गया है। यह काम संतुलित तरीके से नहीं हो रहा है। इतने प्रत्यक्ष और भोंडे तरीके से हो रहा है कि बिना समझाए लोगों को लगने लगा है कि विपक्ष को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। तभी लोग भाजपा के सर्वशक्तिमान होने और 370 सीटें जीतने के दावे पर भी संदेह जताने लगे हैं। भाजपा के वैचारिक रूप से सबसे अलग होने और ईमानदार होने के दावे पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ध्यान रहे कोई भी पार्टी वैचारिक विरोधियों को भरती करती है तो हो सकता है कि कुछ तात्कालिक फायदा हो लेकिन इससे उसकी बुनियाद कमजोर होती है।

पहले विपक्षी पार्टियां भाजपा को वाशिंग मशीन बताती थीं तो उस पर लोग ध्यान नहीं देते थे क्योंकि आर्थिक अपराध के इक्का दुक्का आरोपी नेता भाजपा में भरती हो रहे थे। दूसरे, ऐसे नेता भरती हो रहे थे, जिनको लेकर भाजपा ने कभी व्यापक और सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। जैसे हिमंत बिस्वा सरमा या शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ अगर भाजपा का कोई अभियान था भी तो वह असम और पश्चिम बंगाल तक ही सीमित था। लेकिन अशोक चव्हाण के खिलाफ तो अखिल भारतीय अभियान चला था। आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाला कारगिल युद्ध के शहीदों के लिए बनी सोसायटी में हुआ था और भाजपा ने 2014 में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की सभा में कहा था कि उनकी सरकार बनने के छह महीने के भीतर अशोक चव्हाण जेल में होंगे। लेकिन जेल में जाना तो दूर 10 साल के बाद वही अशोक चव्हाण भाजपा के प्यारे हो गए हैं। उन्हीं की तरह शरद पवार परिवार के खिलाफ भाजपा का अभियान चला था लेकिन कथित तौर पर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी अजित पवार भाजपा के साथ महाराष्ट्र की सरकार में शामिल हैं। भ्रष्टाचार के आरोपी और वैचारिक विरोधियों के निरंतर भाजपा का हिस्सा बनते जाने का मैसेज दूर तक गया है।

तभी खुले दिल से कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं के साथ साथ भ्रष्टाचार के आरोपियों को सीधे पार्टी में शामिल करने या उनके साथ गठबंधन करने का मसला अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। अब तक विपक्षी पार्टियां भाजपा पर आरोप लगाती थीं कि वह आरोपी नेताओं को अपनी वाशिंग मशीन में धोकर शुद्ध कर रही है लेकिन अब यह बात आम जनता के बीच और सोशल मीडिया में विमर्श और मजाक का विषय बन गया है। भाजपा के कोर समर्थक भी इससे दुविधा में आए हैं। उनको कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर कोई भी आरोप लगाने में हिचक हो रही है क्योंकि किसी को पता नहीं है कि कौन, कब भाजपा में शामिल हो जाएगा।

अब ह्यन खाऊंगा, न खाने दूंगाह्न का नारा अप्रासंगिक हो गया दिखता है। ईमानदारी और चाल, चेहरा, चरित्र अलग होने का नैरेटिव भी कमजोर हो गया है। अभी हो सकता है कि इसका नुकसान नहीं दिख रहा हो या लग रहा हो कि विपक्ष को कमजोर करके रसातल में पहुंचाने का अभियान सफल हो रहा है लेकिन बहुत जल्दी इसका असर दिखने लग सकता है। भाजपा के कोर समर्थकों में उदासीनता बढ़ रही है। उनमें वह उत्साह नहीं बचा है, जो 10 साल पहले मोदी को लेकर था और न कांग्रेस के प्रति वैसी नाराजगी या विरक्ति बची है। उलटे विपक्ष को खत्म करके भाजपा की जीत के प्रति आश्वस्ति का भाव जैसे जैसे बढ़ेगा मतदाताओं की उदासीनता उतनी तीव्र हो सकती है, जिसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। शास्त्रों में अति सर्वत्र वर्जयेत का मंत्र दिया गया है। भाजपा को भी अति से बचना चाहिए।

## पश्चिम में न दम, न शर्म!

**श्रुति व्यास**

इजराइल जिद पर अड़ा हुआ है और बैंजामिन नेतन्याहू की बेरहमी कायम है। इजराइल की सेना के हाथों अब करीब 30,000 फिलिस्तीनी अपनी जान गंवा चुके हैं। समुद्र से घिरे गाजा इलाके में मरने वालों में से दो–तिहाई से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों अन्य मलबे में दफन हैं। इजराइल–हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 88 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। गाजा के कत्लेआम का सीधा प्रसारण टेलिविजनों और मोबाईलों पर हो रहा है बावजूद इसके दुनिया के सारे नेता बेबस हैं। पश्चिमी देश झ जो अपने आप को वैश्विक मूल्यों के हिमायती बताते हैं और कायदे–कानून के मुताबिक शासन चलाने की वकालत करते हैं झ गाजा युद्ध को रूकवाने में नाकाम रहे हैं। नेतन्याहू को रोक पाने में उनकी नाकामयाबी से साफ़ है कि पश्चिम और उसके नेताओं का दबदबा और ताकत घटती हुई है।विदेशी मामलों और सुरक्षा नीति के यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि जोसेफ बोरेल ने कुछ महीने पहले माना था कि गाजा का हाल का घटनाक्रम "अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नैतिक और राजनीतिक असफलता का नतीजा है"।उन्होंने कहा था कि कई दशकों से करीब–करीब पूरी दुनिया दो देश बनाकर इस समस्या का हल निकलने की बात करती आ रही है। लेकिन सिर्फ बातें हुईं। समस्या को हल करने के लिए कोई कोशिश नहीं की गयी।

बोरेल और कई अन्यों के मुताबिक इस स्थिति के लिए अमेरिका काफी हद तक जिम्मेदार है। लम्बे समय तक अमरीका के राष्ट्रपतियों की नीति रही है "नरमी से बात करो और हाथ में एक मोटा डंडा रखो"।इसके उलट, इस बार जो बाईडन ने बात सख्ती से की लेकिन उनके हाथों में डंडा नहीं था। अमेरिका एक अस्थायी युद्धविराम चाहता है जिसके दौरान इजराइली बंधकों की रिहाई हो और गाजा तक पर्याप्त सहायता सामग्री पहुँच जाए। लेकिन यह बाईडन प्रशासन की नाकाबिलियत या शायद कायरता है कि वह नेतन्याहू और उनके अति–दक्षिणपंथी सहयोगियों की रजामंदी में नाकाम है। पिछले हफ्ते बैंजामिन नेतन्याहू ने काहिरा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के सम्बन्ध में समझौता वार्ताओं से अपने प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलवा लिया। इससे देश में बंधकों के परिवारों में गुस्सा बढ़ा और और इजराइल के दोस्त देशों की चिंता बढ़ी। खबरों के मुताबिक नेतन्याहू अपने मंत्रिमंडल के अतिवादी सदस्यों की इस धमकी के आगे झुक गए है कि यदि उन्होंने उतावलेपन में हमास के साथ कोई समझौता किया तो उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ेगा।

# वेब सीरीज महारानी 3 का दमदार ट्रेलर जारी, दमदार अंदाज में दिखीं हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी की मचअवेटेड वेब सीरीज महारानी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस ट्रेलर में एक बार फिर से हुमा कुरैशी दमदार रोल में वापसी कर रही हैं. ट्रेलर की शुरुआत जेल से होती है जहां पर रानी भारती से नेता बात करते हुए नजर आ रहे हैं. ट्रेलर में रानी भारती की सत्ता में वापसी और जेल से वापस बाहर आने की जद्दोदहज दिखाई गई है. इस ट्रेलर के साथ ही इसकी ओटीटी स्ट्रीमिंग का ऐलान भी कर दिया गया है.

इस ट्रेलर में बिहार में जहरीली शराब का आतंक दिखाया गया है. इसमें दिखाया गया है कि जहरीली शराब पीकर कई लोगों की मौत हो गई है. इस ट्रेलर में रानी दमदार डायलॉग बोलते हुए भी नजर आईं, जो उनके फैंस को इंप्रेस कर रहा है. इसमें हुमा कुरैशी कहती दिखीं– बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं. समझदार लोग दिमाग चलाते हैं. इसके अलावा कई और दमदार डायलॉग इसमें बोले गए हैं जैसे– नया बिहार, आसमान में भरेगा उड़ान और न्याय हो या बदला...एक ही बात है.



सोनी लिव और हुमा कुरैशी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर महारानी सीजन 3 की रिलीज डेट का ऐलान किया है. इसमें लिखा है– ट्रेलर आउट हो गया है. महारानी 3, 7 मार्च से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी. आपको बता दें, हुमा कुरैशी की महारानी वेब सीरीज के अब तक दो सीजन आ चुके हैं और दोनों को लोगों को खूब प्यार मिला. जिसके बाद अब तीसरे सीजन की आधिकारिक रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है. इसका पहला सीजन 2021 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था. वर्कफ्रंट की बात करें तो हुमा कुरैशी आखिरी बार स्क्रीन पर तरला फिल्म में नजर आई थीं. ये फिल्म 7 जुलाई, 2023

## ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का भुगतना पड़ेगा खामियाजा

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना भारी पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रणजी में नहीं खेलने पर बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़ियों को अपने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर सकता है। मुंबई के श्रेयस अय्यर के पास ग्रेड बी का अनुबंध है, जबकि ईशान के पास ग्रेड सी अनुबंध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित और भारत 'ए' के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेने पर चेतावनी दी थी। शाह ने कहा था कि सभी के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलना अनिवार्य है। रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ताओं ने 2023–24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची तैयार कर ली है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी।

**दोनों खिलाड़ी गंवा सकते हैं अनुबंध**

घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने पर ईशान और श्रेयस को इस सूची से बाहर किए जाने की उम्मीद है। ईशान किशन भारत के लिए आखिरी बार नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध टी–20 सीरीज में खेले थे। पिछले वर्ष वह निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका दौरे से हट गए थे और तभी से वह टीम से बाहर हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी घरेलू टीम झारखंड की ओर से रणजी ट्रॉफी में नहीं खेला और कथित तौर पर मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग की थी।

# मुश्किलों से भरा रहा है आकाश दीप का सफर

रांची। हर क्रिकेटर का सपना देश के लिए खेलना होता है और जब उसे यह मौका मिलता है तो वह अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाता। कुछ ऐसा ही हाल भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले आकाशदीप का था। जब टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने शुक्रवार को जब आकाशदीप को टेस्ट कैप दी तो वह सीधे मैदान के बाहर खड़ी अपनी मां के पास पहुंचे। उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

**आकाश दीप ने लिया मां का आशीर्वाद**

इस दौरान वहां मौजूद उनका परिवार बेहद ही भावुक नजर आ रहा था। यह कुछ ऐसा ही था, जैसा कुछ दिन पहले राजकोट में सरफराज खान के लिए उनके परिवार की आंखों में देखने को मिला था। मां ने भी अपने लाडले को गले लगाया और सिर पर हाथ फेर कर ही सबकुछ कह दिया। अपने बेटे की उपलब्धि पर मां का गला भर आया और वह कुछ भी बोलने में असमर्थ नजर आईं। आकाश दीप के लिए भारतीय टीम तक का यह सफर तय करना कतई आसान नहीं रहा।

**पिता को पसंद नहीं था क्रिकेट खेलना**

एक समय ऐसा था जब उन्होंने अपने घर को चलाने के लिए क्रिकेट से दूरी बना ली थी और क्रिकेट को छोड़ दिया था। बिहार के सासाराम से आने वाले आकाशदीप का लगाव क्रिकेट से काफी अधिक रहा है। उनके पिता रामजी सिंह को यह पसंद नहीं था।

**पिता—भाई के निधन के बाद बनाई क्रिकेट से दूरी**



बताया गया कि आकाश दीप नौकरी ढूंढने के बहाने दुर्गापुर गए और वहीं एक अकादमी में क्रिकेट की ट्रेनिंग लेने लगे, लेकिन इस दौरान पिता का निधन हो गया। पिता के निधन के दो महीने बाद ही आकाश के बड़े भाई की भी मौत हो गई। इन दो घटनाओं से परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई और सारी जिम्मेदारी आकाशदीप के कंधों पर ही आ गई। तीन साल तक उन्होंने क्रिकेट खेलना छोड़ दिया था। इस दौरान वह पूरी तरीके से घर की जिम्मेदारी को अपने कंधों पर उठा लिया। कुछ समय बाद आकाशदीप ने फिर क्रिकेट खेलना शुरू किया।

**बंगाल का रुख करना रहा फायदेमंद**

बिहार पर प्रतिबंध लगे रहने के कारण इस तेज गेंदबाज ने बंगाल का रुख किया और फिर उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बता दें कि 2020 की आइपीएल नीलामी में आकाशदीप को रायल चैलेंज बेंगलुरु की टीम ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। आकाश दीप के नाम लिस्ट ए के 28 मैचों में 42 विकेट है। वहीं 30 फर्स्ट क्लास मैचों में आकाश के नाम 104 विकेट हैं।

**पिता को समर्पित किया प्रदर्शन**

आकाश दीप ने रांची टेस्ट के पहले दिन का दमदार प्रदर्शन अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, " पिता को समर्पित किया प्रदर्शन 'एक साल के अंदर पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल ही कर सकता था। मैं इस प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित करता हूं क्योंकि उनका सपना था कि उनका बेटा जीवन में कुछ करे। जब वह जीवित थे तो मैं कुछ नहीं कर सका इसलिए यह प्रदर्शन मेरे पिता के लिए है।"

# शैतान का नया पोस्टर जारी, अजय देवगन और आर माधवन के बीच होगी जबरदस्त भिड़ंत



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की अपकमिंग सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान को लेकर लोग बहुत एक्साइटेड हैं. ये मूवी अगले महीने ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी. कुछ दिनों पहले ही शैतान का टीजर लॉन्च हुआ था, जिसे बहुत पसंद किया गया. अब अजय देवगन ने शैतान के ट्रेलर रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर की झलक भी दिखाई है.

अजय देवगन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शैतान का एक नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आर माधवन और अजय देवगन का आधा–आधा चेहरा नजर आ रहा है. पोस्टर में अजय देवगन डरे हुए दिख रहे हैं. वहीं, आर माधवन के खूंखार लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. ह्यशैतानह्न का पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने ट्रेलर की रिलीज डेट की जानकारी दी है.

उन्होंने कैप्शन में लिखा, ह्यजल्द ही शुरू होगी अच्छाई और बुराई की असली जंग. शैतान का ट्रेलर 22 फरवरी , 2024 को रिलीज होगा. फिल्म 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.ह्न शैतान में एक्ट्रेस ज्योतिका भी अहम किरदार में नजर आएंगी. वहीं, फिल्म में आर माधवन का खूंखार खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म के डायरेक्टर विकास बहल हैं और इसमें अजय देवगन ने ना सिर्फ लीड रोल प्ले किया बल्कि वह इसके प्रोड्यूसर भी हैं.

अजय देवगन की इस साल बैक–टू–बैक कई फिल्में रिलीज होंगी. इन दिनों वह सिंघम अगेन के प्रोडक्शन में बिजी हैं, जिसका निर्देशन रोहित शेट्टी कर रहे हैं. सिंघम एक मशहूर फ्रेंचाइजी है, जिसके अब तक दो पार्ट बनकर रिलीज हो चुके हैं. दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल हुई थीं. इसके अलावा अजय देवगन के पास मैदान, औरों में कहां दम था, रेड 2, सन ऑफ सरदार 2, धमाल 4 जैसी फिल्में हैं, जो एक के बाद एक थिएटर्स में रिलीज होंगी.

## गुरु रंधावा की कुछ खट्टा हो जाए का गाना राजा–रानी जारी, गायक ने खुद दी आवाज

गायक गुरु रंधावा की फिल्म कुछ खट्टा हो जाए को 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए गुरु ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। हालांकि, यह फिल्म बक्स ऑफिस पर दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है।अब कुछ खट्टा हो जाए का गाना राजा रानी जारी कर दिया है, जिसे गुरु ने खुद अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं।कुछ खट्टा हो जाए में गुरु की जोड़ी सई मांजरेकर के साथ बनी है। अनुपम खेर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान जी अशोक ने संभाली है। फिल्म की कहानी विजय पाल सिंह ने लिखी है।फिल्म की बात करें तो जी अशोक द्वारा डायरेक्ट की गई कुछ खट्टा हो जाए में गुरु रंधावा और सई मांजरेकर के अलावा परितोश त्रिपाठी और अतुल श्रीवास्तव अहम किरदार में नजर आ रहे हैं. जबकि साउथ के कॉमेडी किंग ब्रह्मानंदन फिल्म में स्पेशल रोल निभाते हुए दिख रहे हैं. इस फिल्म ने अब तक महज 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फैमिली ड्रामा कुछ खट्टा हो जाए में सई मांजरेकर ने एक ऐसी लडक़ी की भूमिका निभाई है, जो आईएएस बनने के लिए जी तोड़ मेहनत करती हैं।

# भारतीय ब्लाइंड टीम ने किया करिश्मा, पाकिस्तान को दूसरे टी20 में रौंदकर सीरीज की बराबर

नई दिल्ली। भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को फ्रेंडशिप क्रिकेट सीरीज के दूसर टी20 मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। भारत ने दुबई में खेले गए मैच में पड़ोसी देश को 46 रन से मात दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे। पाकिस्तान 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी की। भारत की शुरुआत अच्छी रही। सुनील रमेश और डी. वेंकटेश्वर राव ने पहले विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। वेंकटेश्वर राव ने 41 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। वह 13वें ओवर में आउट हुए। इसके बाद सुनील रमेश ने अजय कुमार रेड्डी के साथ साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। अजय रेड्डी ने 42 रन की पारी खेली।

**सुनील रमेश ने खेली 87 रन की पारी**



सुनील रमेश ने 61 गेंद पर 87 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। आखिरी ओवर में भारत ने 15 रन बनाए और टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 224/3 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान ने अतिरिक्त के तौर पर 39 रन दिए।

**रविवार को खेला जाएगा आखिरी मुकाबला**

भारत के 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने तीसरे ओवर में ही शुरुआती विकेट खो दिया। हालांकि, टीम ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और 7वें ओवर में 60 रन के आंकड़े तक पहुंच गई। दो विकेट खोने के बाद कप्तान बदर मुनीर ने बीच के ओवरों में पाकिस्तान की पारी को संभाला। आखिर में पाकिस्तान निर्धारित 20 ओवरों में केवल 178/6 रन ही बना सका। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज बराबर कर ली है। सुनील रमेश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

# जोशीमठ के लिए केन्द्र की तर्ज पर बने विस्थापन की नीति

चमोली : जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने शंकराचार्य मठ में बैठक कर प्रदेश सरकार से अविलंब जोशीमठ नगर के लिए एक विशेष विस्थापन एवं पुनर्वास नीति बनाने की मांग की। संघर्ष समिति ने भारत सरकार की विस्थापन एवं पुर्नवास नीति 2007 को ही जोशीमठ के परिपेक्ष में लागू करने की मांग की है। साथ ही जोशीमठ नगर के इतने बड़े भू-भाग को डेंजर जोन में किस वैज्ञानिकी अध्ययन के आधार पर रखा गया है उस रिपोर्ट को भी सार्वजनिक किया जाए।



शुक्रवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 14 महीने से अधिक का समय हो गया है लेकिन सरकार द्वारा अभी तक यह नहीं बताया जा रहा है कि नगर वासियों को एक साथ कहां विस्थापित किया जायेगा। यदि पूरे नगर का विस्थापन होना है तो नया जोशीमठ शहर कहां बसेगा और कब अस्तित्व में आयेगा। आरोप लगाया कि सरकार एवं उसकी मशीनरी मात्र खानापूर्ती कर रही है व अभी तक सीबीआरआई द्वारा जिन 190 मकानों में जनवरी 2023 में रेड क्रास लगाये गए थे उनमें से भी सभी का भुगतान नहीं हो पाया है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि सरकार यह बताये कि प्रभावितों की डेन्जर जोन वाली भूमि का अधिगृहण किस मूल्य में कब तक हो पायेगा व जो भूमि सेफ जोन में नगर वासियों की बच जाएगी उसे सरकार किस मूल्य पर अधिगृहित करेगी। संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार ने कहा कि पिछले 14 महीने में सरकार क्या करने जा रही है कुछ भी स्पष्ट नहीं हो रहा है और नगरवासी काफी तनाव में हैं। संयोजक अतुल सती और प्रवक्ता कमल रतूड़ी ने कहा कि क्या कारण है कि केन्द्र से पैसा रिलीज होने के 2 माह बाद भी अभी तक नगर का ट्रीटमेंट शुरू नहीं हो पाया है।

## 245 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

टिहरी : थत्यूड़ पुलिस ने एक लाख लागत की 245 ग्राम अफीम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही जेल भी भेज दिया है।

पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार टिहरी पुलिस ने नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थत्यूड़ थानाक्षेत्र के ग्राम जालसी के पास स्कूटी पर सवार दो आरोपियों को पकड़ा है। जिनमें से उत्तरकाशी के पुरोला थाने के लादेन गांव निवासी अरविंद सिंह (33) पुत्र सूरत सिंह के पास से 125.09 ग्राम अफीम और थाना कैंपटी के ग्राम छानी टिकरी निवासी प्रेम सिंह (51) पुत्र स्व. भोपाल सिंह से 119.18 ग्राम अफीम बरामद की है। अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक लाख रुपये है। दोनों के खिलाफ थत्यूड़ थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल के उपरांत दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों का रिकार्ड खंगालने का भी काम कर रही है। आरोपियों को पकड़ने वाले पुलिस कर्मियों में एसआई राहुल थापा, कांस्टेबल मैराज आलम, महेंद्र चौहान व अंकिता शामिल रहे। (एजेंसी)



## 21 जवानों ने किया रक्तदान

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : स्वास्थ्य विभाग चमोली द्वारा शिवालिक प्रोजेक्ट के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीमा सड़क टास्क फोर्स मारवाडी जोशीमठ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीमा सड़क टास्क फोर्स के 21 जवानों ने रक्तदान किया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशोदा पाल ने कहा कि कई बार ऐसी एमरजेन्सी आती हैं जब मरीज को तत्काल रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में रक्तदान की बडी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिविर में पैथोलॉजिस्ट डा0 यशोदा पाल, कमाण्डर अंकुर महाजन, मेडिकल ऑफीसर दीपक कुमार, लैब टैक्नीशियन एकता, रामचन्द्र मुरमुरे एवं उदय रावत मौजूद रहे।

# सिपाही पर जानलेवा हमला कर उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

दोरादून। अवैध पशु मांस तस्कर गिरोह ने सिपाही पर जानलेवा हमला कर उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया तो पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को चौकी आशारोडी बैरियर पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा चैकिंग के दौरान बैरियर लगाकर सहारनपुर की ओर से आ रहे वाहन संख्याः यू0के0–17–ए–1891 इंडिगो मांजा को रूकने का इशारा किया गया तो वाहन चालक द्वारा वाहन की स्पीड को तेज कर ड्यूटी पर नियुक्त कांस्टेबल पोपिन कुमार को जान से मारने की नियत से उस पर गाडी चढाने का प्रयास किया गया, जिसमें पुलिस कर्मी द्वारा पीछे हटते हुए बामुश्किल अपनी जान बचायी गयी। उक्त घटना व वाहन के सम्बन्ध में जानकारी कंट्रोल रूम व उच्चाधिकारियों को दी गयी तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से संबंधित थानों को अवगत कराते हुए उक्त वाहन की चैकिंग के निर्देश दिये गये, साथ ही आशारोडी बैरियर पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा अपने निजी वाहन से उक्त वाहन का पीछा किया गया।

पुलिस द्वारा की गयी घेराबंदी से वाहन सवार व्यक्तियों द्वारा उक्त वाहन को शिमला बाइपास चौक के पास रॉयल दरबार के सामने छोड़कर मौके से फरार हो गये। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को उसमें से भारी मात्रा में अवैध रूप से तस्करी कर लाया जा रहा मुर्गे तथा बकरे का मांस बरामद हुआ। घटना के सम्बन्ध में पोपिन कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना क्लेमेन्टाउन पर अभियोग पंजीकृत किया गया। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर अलग–अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा आस–पास के क्षेत्र व आने जाने वाले रास्तो के सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को चैक किया गया तथा अभियुक्तों के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त करने के लिये सुरागरसी–पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया। मौके से बरामद वाहन को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर वाहन स्वामी के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो उक्त वाहन सुनील जोशी पुत्र सुरेन्द्र जोशी निवासीः ग्रा0 सिसोडा भगवानपुर हरिद्वार मूल निवासीः टिहरी के नाम पर दर्ज होना ज्ञात हुआ। जिस पर वाहन स्वामी से सम्पर्क करने पर उसके द्वारा उक्त वाहन को वर्ष 2015 में फाइनेंस कराने तथा किश्त न दे पाने पर वर्ष 2017 में रूडकी स्थित आई0एस0 मोटर कम्पनी द्वारा रिकवरी में उठाकर ले जाने की बात बताई गई।

## पुरोला में दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

उत्तरकाशी : पुरोला में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में क्षेत्र के कई युवाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता शमी बोरियाण के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

शुक्रवार को पुरोला में आयोजित भाजपा संगठन के बूथ सशक्तिकरण और लाभार्थी जन संपर्क अभियान कार्यक्रम में ही पुरोला क्षेत्र के लगभग 50 युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व संयोजक राजपाल पंवार ने कहा कि अब तक पुरोला विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा पर भरोसा कर पार्टी की सदस्यता ली है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दीप्ति रावत, राज्यमंत्री राजकुमार, जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, जगमोहन पंवार, मोहब्बत नेगी, नवीन गैरोला, शीशपाल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विधानसभाओं में आयोजित होंगे कार्यक्रम

## चमोली जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां की शुरु

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चमोली की तीनों विधानसभाओं में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जिला प्रशासन ने तैयारी शुरु कर दी है। बदरीनाथ, कर्णप्रयाग और थराली विधानसभा में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को आपसी समंवय स्थापित कर कार्यक्रम को आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित उप जिलाधिकारियों ने बताया कि जनपद की तीनों विधानसभाओं में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिये स्थान चयन कर दिया गया है। जिसके तहत बदरीनाथ विधानसभा में स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर, कर्णप्रयाग विधानसभा के गौचर और थराली विधानसभा का कार्यक्रम कुलसारी में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को राज्य व केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को सम्बोधित भी करेंगे। इस मौके पर परियोजना अधिकारी आनंद सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# ग्राम पंचायतों और नगरों में आयोजित की गई मतदाता चौपाल

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिला निवार्चन विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों और नगरों में चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिले में चौपाल लगाने के साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय व तहसीलों में सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए गए हैं। जिनके माध्यम से मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।



चमोली में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर, गौचर, जोशीमठ और नगर पंचायत पीपलकोटी की ओर से विभिन्न वार्डों में मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। साथ ही जनपद के पाड़ली, सिमली, रविग्राम सहित अन्य गांवों में मतदाता शपथ, महिला चौपाल के साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी कार्यालय चमोली, तहसील कार्यालय चमोली व पीजी कॉलेज गोपेश्वर में युवा मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट के साथ फोटो खींच कर शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प दोहराया। नगर क्षेत्रों में ध्वनि प्रसारक यंत्रों की मदद से भी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## विधायक ने स्मार्ट क्लास के लिए 5 लाख दिए

चमोली : कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने विधायक निधि से डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में स्मार्ट क्लास निर्माण के लिए पांच लाख की संस्तुति दी है। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक ने अपनी निधि से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कालेज में स्मार्ट क्लास निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की संस्तुति दी है। जिला विकास अधिकारी चमोली के पत्रानुसार अधिशासी अभियंता ग्रामीण विकास को इस संदर्भ में स्वीकृत कार्य के लिए उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली के प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। महाविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय भवन में स्मार्ट क्लास बनाने हेतु कक्ष चिह्नित कर सूचना कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करवा दी गई है।

# 12 घंटे में किया रायपुर पुलिस ने लूट का खुलासा, वेब सीरीज देखकर की थी घटना

देहरादून। रायपुर थाना पुलिस ने एक लूट की घटना का 12 घण्टे में खुलासा करते हुए एक युवक व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। दोनों नशे के आदी हैं और नशा करने के लिए ही घटना को अंजाम दिया था।

पलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी की शाम को कुलदीप सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम हेतलपुर सरसावा, सहारनपुर, उ0प्र0 हाल निवासी मन्दाकिनी विहार, सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून ने थाना रायपुर पर तहरीर दी कि रायपुर क्षेत्रान्तर्गत ओम धर्मकांटा किसान डेयरी सहस्त्र धारा रोड के पास मोटर साइकिल सवार 2 युवकों द्वारा उन्हें तमंचा दिखाकर उनका फोन तथा 05 हजार रूपये लूट लिये। तहरीर के आधार पर थाना रायपुर में तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गयी । जानकारी मिलने पर घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना का शीघ्र अनावरण हेतु थानाध्यक्ष रायपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसके क्रम थानाध्यक्ष रायपुर द्वारा स्वयं के नेतृत्व में 02 अलग–अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गों व अन्य स्थानों पर लगे लगभग 40 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तथा पूर्व में लूट के घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त गणों का सत्यापन कर उनके अध्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 23–02–2024 को सहस्त्रधारा रोड मुख्य मार्ग से पालीटैक्निक की ओर जाने वाले रास्ते से घटना में शामिल 01 अभियुक्त को मौके गिरफ्तार करते हुए दूसरे विधि विवादित किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया गया। मौके से अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त तंमचा 12 बोर, एक कारतूस 12 बोर, लूटी गयी धनराशि तथा एक विवो कम्पनी का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई।

# भाषण प्रतियोगिता में अनमोल, हर्षिता, आदित्य अव्वल

देहरादून। केंद्रीय विद्यालय बीरपुर में टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं टूरिज्म के दौरान पर्यावरण संस्कृति की रक्षा करने के उद्देश्य के तहत आज युवा टूरिज्म क्लब बीरपुर द्वारा विद्यालय प्रांगण में बच्चों को शपथ दिलवाई गई ।

पर्यटन के दौरान प्रकृति एवं संस्कृति के संरक्षण के साथ ही तीर्थ व पर्यटन स्थलों पर गन्दगी ना फैलाने की शपथ शिक्षकों एवं बच्चों ने प्रातः कालीन सभा में ली !शपथ समारोह के बाद उत्तराखंड में पर्यटन, भारतीय पर्यटन , पर्यटन का महत्व एवं इसके लाभ पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय पर्यटन विभाग के दिशा निर्देशन में किया गया जिसमें 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया ।निर्णायक मण्डल ने प्रतियोगिता के बाद अनमोल खड़का को प्रथम, हर्षिता खरोला को द्वितीय एवं आदित्य त्यागी को तृतीय स्थान के लिये विजेता घोषित किया।



प्रतियोगिता से पूर्व विद्यालय की प्राचार्या बसन्ती खम्पा ने टूरिज्म विभाग द्वारा बच्चों में टूरिज्म के प्रति लगाव एवं इससे जुड़े फायदों के लिये विद्यालय में युवा टूरिज्म क्लब की स्थापना किये जाने के लिये टूरिज्म विभाग की प्रसंशा की ! उन्होंने कहा क्लब के माध्यम से बच्चों में पर्यटन के प्रति उत्साह बढेगा । इस अवसर पर निर्णायक मंडल सदस्य प्रमोद थपलियाल, राना कादिर, त्रिवेणी प्रसाद,युवा पर्यटन क्लब प्रभारी डी एम लखेड़ा, सी सी ए प्रभारी सीमा श्रीवास्तव, अन्नू थपलियाल आदि शिक्षक उपस्थित थे ।

## अवैध खनन पर शिकंजा तो कसा लेकिन हिसाब कौन करेगा

देहरादून। खनन माफियाओं पर अब जिला प्रशासन का शिकंजा धीरे धीरे कसने लगा है। लगातार समाचार छापने के बाद आखिर सरकार और प्रशासन की नींद टूट ही गयी। इसके चलते अब अवैध खनन पर शिकंजा तो कसने लगा है लेकिन अभी भी कसर इस बात की बाकी है कि नदी में जो बड़े खड्डे माफियाओं ने किये हैं उसका हिसाब कौन करेगा। बताते चलें कि माफिया पिछले छह माह से लगातार नदियों में मशीनों के जरिये अवैध खनन करने में लगे हुए थे। इसी के चलत इन माफियाओं ने कई नदियों में बड़े बड़े खड्डे कर दिए और हालात यह हैं कि इन खड्डो में पानी भरने के कारण जहां नदी का रुख पटल गया हैं वहीं ये आसपास के पर्यावरण के लिए भी नुकसान दायक हो गयी हैं। नदी के ये खड्डे जहां एक ओर आम लोगों को परेशान कर रहे हैं खास तौर पर नदी किनारे रहने वाले लोगों को वहीं दूसरी ओर ये बरसात के दिनों में पानी से मिट्टी के कटान को बढ़ावा देने के कारण नदी का पानी आसपास के ग्रमीणों की जमीन के लिए खतरा बन गयी है। माफियाओं ने लगातार नदियों के सीने को चीर कर सरकार को तो करोडों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया ही है वहीं पर्यावरण को भी कम नुकसान नहीं हुआ। इन माफियाओं पर जिला प्रशासन ने लगाम तो लगा दी है लेकिन अभी तक इनसे राजस्व का हिसाब नही पूछा कि आखिर किसने के आदेश पर नदी में मशीनो कोउतारा गया ।

# नगर पंचायत से हटाकर भेंटा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

चमोली : भेंटा गांव तथा सिमलसैंण गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को वार्ड भेंटा को नगर पंचायत थराली से अलग करने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी थराली अबरार अहमद को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने नगर पंचायत थराली से भेंटा वार्ड को हटाकर ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते 5 वर्षों में नगर पंचायत थराली में ग्राम पंचायत की अपेक्षा बहुत काम कार्य हुए हैं। नगर के इस वार्ड में न तो स्वच्छता है और न ही मूलभूत सुविधाएं। नगर पंचायत के भेंटा गांव में सड़क भी नहीं है जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में महिला मंगल दल अध्यक्ष भेंटा गोदाम्बरी रावत, खुशहाल सिंह रावत, बीना देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष सिमलसैंण बबीता देवी, मालदत चंदोला, रविदास चंदोला, विशंभर दत्त चंदोला, संदीप सिंह रावत, मंजू देवी आदि लोग उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# पूर्व समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य भाजपा में शामिल



देहरादून । कांग्रेस को तगड़ा झटका देते हुए पूर्व समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा में शामिल हो गई हैं ।

प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने अपने यमुना कालोनी स्थित आवास पर कांग्रेस सरकार में दर्जाधारी मंत्री और वर्तमान में एआईसीसी सदस्य श्रीमती धनेश्वरी घिल्डियाल को पार्टी की सदस्यता दिलाई । इस दौरान श्री भट्ट ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए उनसे तीसरी बार मोदी सरकार के मिशन में जुट जाने का आह्वाहन किया । उन्होंने कहा, पीएम श्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व देश आगे बढ़ रहा है, उसका आशीर्वाद जनता से मिलना तय है । लेकिन पार्टी द्वारा व्यापक पैमाने पर चलाए जा रहे ज्वाइनिंग अभियान का मकसद है, अबकी बार तीन सौ पार। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप सभी के आने से पार्टी के इस लक्ष्य प्राप्ति अभियान को और मजबूती मिलेगी।

इस दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाली श्रीमती घिल्डियाल ने कहा, प्रदेश के विकास के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में धामी जी द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों से प्रभावित होकर वह भाजपा में आई हैं ।

हम सबकी कोशिश रहेगी, क्षेत्रीय विकास और मोदी जी की प्रचंड जीत में सहभागी बनना। इस दौरान कांग्रेस से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे देवल चमोली के श्री दिगंबर सिंह रावत, गोरखपुर क्षेत्र से श्रीमती अन्नू बिष्ट, श्रीमती कुसुमलता, श्रीमती पुष्पा देवी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा।

## मेहंदी में वंदना, मुस्कान, शिवानी ने मारी बाजी

उत्तरकाशी : राजकीय महाविद्यालय मोरी में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने हेतु निर्वाचन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत मेहन्दी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में वन्दना प्रथम, मुस्कान द्वितीय व शिवानी तृतीय रही। मेहन्दी प्रतियोगिता कार्यक्रम में कुल 18 छात्रों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य वर्मा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरकाशी के आदेश अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव हेतु शत प्रतिशत मतदान करवाने लगातार जागरूकता अभियान जारी है। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com